# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in

पत्रांक : BRLPS/LSBA-ESH/07/16/1058 दिनांक : 14/01/19

प्रेषक,

**राजीव कुमार सिंह, बि.प्र.से.,**

प्रशासी पदाधिकारी-सह-राज्य समन्वयक

सेवा में,

**सभी ज़िला पदाधिकारी-सह अध्यक्ष,**

ज़िला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार।

**विषय:** **दिनांक 1-1-2019 से 31-1-2019 तक आयोजित होने वाले विशेष अभियान- 'स्वच्छ सुंदर शौचालय' के संबंध में।**

**प्रसंग:** **पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार का पत्रांक AR/DG/SP/185/2018, दिनांक 21-12-2018**

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयक एवं प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि 1 जनवरी 2019 से 31 जनवरी 2019 तक राज्य के सभी ज़िलों के सभी प्रखंडों में **'स्वच्छ सुंदर शौचालय'** नामक एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सभी ग्रामीण परिवारों को अपने- अपने शौचालय को आकर्षक रूप से रंगवाने हेतु प्रेरित करना है। प्रत्येक शौचालय के स्वामी को अपने शौचालय पर स्थानीय कलाकृतियों की डिज़ाइन बनवा कर उस पर स्वच्छ भारत से संबंधित संदेश लिख कर सुसज्जित किया जाना है। इस पर स्वच्छ भारत मिशन का लोगो एवं स्लोगन भी अंकित किया जा सकता है। इस विशेष अभियान को IEC गतिविधि के रूप में चलाया जाना है। इसका उद्देश्य शौचालय के सतत इस्तेमाल को प्रोत्साहित करना, लोगों में शौचालय के प्रति अपनत्व को बढावा देना, गुणवत्ता सुनिश्चित करना एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय की दृश्यता में सुधार लाना है।

अभियान की समाप्ति **'स्वच्छ सुंदर शौचालय'** नामक एक प्रतियोगिता से की जानी है, जिसमें चुने हुए ग्राम पंचायतों, ज़िलों को इस अभियान की अवधि के दौरान कुल रंगाए गए शौचालयों की संख्या के आधार पर पुरस्कृत किया जाना है। इन तीन चयनित ज़िलों द्वारा अपने-अपने ज़िलों में सृजनात्मक रूप से रंगवाए गए पांच सर्वोत्तम शौचालयों का चयन करना है और उनकी तस्वीर भी राज्य कार्यालय को भेजी जानी है।

राज्य कार्यालय द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार के साथ ज़िलावार रंगवाए गए कुल शौचालयों की संख्या और तीन चयनित ज़िलों में सृजनात्मक रूप से रंगवाए गए पांच सर्वोत्तम शौचालयों के फोटोग्राफों को साझा करना है।

राज्य द्वारा 10 फरवरी 2019 तक नामांकन को स्वच्छ भारत मिशन के पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाना है। पोर्टल का लिंक निम्नवत है।

https://swacchbharatmission.gov.in/SSShauchalaya/

पुरस्कार हेतु उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्यों, ज़िलों एवं व्यक्तिगत शौचालयों का चयन, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय द्वारा गठित मूल्यांकन समिति द्वारा किया जाना है । इस अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले परिवारों (households), प्रखंडों एवं ग्राम पंचायतों का निर्णय ज़िला स्तर पर कर पुरस्कृत किया जा सकता है।

**प्रत्येक ज़िलों को आकर्षक रूप से रंगाए गए शौचालयों की तस्वीर प्रतिदिन उपर वर्णित पोर्टल पर अपलोडिंग सुनिश्चित किया जाना है ।**

इस अभियान की तस्वीरों को #MyIzzatGhar हैशटैग के साथ साझा कर सोशल मीडिया (ट्विटर, फ़ेसबुक) में प्रचारित किया जाना सराहनीय होगा । ज़िला स्तर पर ज़िला पदाधिकारी एवं पंचायत स्तर पर मुखिया द्वारा इस अभियान का नेतृत्व किया जाना है । अभियान हेतु आवश्यक खर्च स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण के आइ.इ.सी मद, ज़िलों एवं ग्राम पंचायतों में उपलब्ध निधि से की जा सकती है ।

अभियान संबंधी विशेष जानकारी के लिए लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान हेतु डॉ. झिनुक रॉय (मो.नं- 9431041622), सुमन लाल कर्ण (मो नं- 7983830114) एवं अनुपम कुमार सिन्हा (मो.नं- 6201067108) से संपर्क किया जा सकता है।

अभियान को सफल बनाने में आपका पूर्ण सहयोग आपेक्षित है।

विश्वासभाजन

14/01/19

(राजीव कुमार सिंह)

ज्ञापांक : BRLPS/LSBA-ESH/07/16/1058 दिनांक : 14/01/19

प्रतिलिपि- सभी ज़िला समन्वयक, ज़िला सलाहकार, आइ.इ.सी एवं ज़िला स्वच्छ भारत प्रेरक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि- निदेशक, ज़िला ग्रामीण विकास अभिकरण सह-सदस्य- सचिव, ज़िला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि- उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष, ज़िला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

14/01/19

(राजीव कुमार सिंह)